# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 29.9.22 | 2 | 6-3 |


## कैंपस स्कूल का निखिल तीरंदाजी में रहा प्रथम

भास्कर न्यूज़ | हिसार




चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान पाया है। इसमें स्कूल के विद्यार्थी निखिल ने तीरंदाजी में प्रथम जबकि माही और कार्तिक ने लॉन टेनिस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसके चलते इन विद्यार्थियों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। इसी प्रकार विद्यार्थी भीष्म का क्रिकेट और आस्था का जिम्नास्टिक में राज्यस्तर पर चयन हुआ है। स्कूल के नियंत्रण अधिकारी डॉ. राजबीर सिंह, प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला, खेल अध्यापिका बक्शी सहित स्कूल के अध्यापकों ने विद्यार्थियों की उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 29.9.22 | 4 | 7-8 |

## विद्यार्थियों का राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयन



*विजेता विद्यार्थियों के साथ प्रधानाचार्य व खेल अध्यापिका।*

हिसार, 28 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान पाया है।

इस प्रतियोगिता में स्कूल के विद्यार्थी निखिल ने तीरंदाजी में प्रथम, जबकि माही और कार्तिक ने लॉन टैनिस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। इसी प्रकार विद्यार्थी भीष्म का क्रिकेट और आस्था का जिम्नास्टिक में राज्य स्तर पर चयन हुआ है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 29.9.22 | 4 | 1-2 |

## कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयन



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया है। निखिल ने तीरंदाजी में प्रथम, माही और कार्तिक ने लॉन टेनिस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भीष्म का क्रिकेट और आस्था का जिम्नास्टिक में राज्यस्तर पर चयन हुआ। नियंत्रण अधिकारी डॉ. राजबीर सिंह, प्रधानाचार्य सोमा सेखरा, खेल अध्यापिका बक्शो ने सभी को बधाई दी। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 29.9.22 | 10 | 5 |

## कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों का खेलकूद प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन

हिसार, 28 सितंबर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान पाया है। इस प्रतियोगिता में स्कूल के विद्यार्थी निखिल ने तीरंदाजी में प्रथम जबकि माही और कार्तिक ने लॉन टैनिस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसके चलते इन विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। इसी प्रकार विद्यार्थी भीष्म का क्रिकेट और आस्था का जिम्नास्टिक में राज्य स्तर पर चयन हुआ है। स्कूल के नियंत्रण अधिकारी डॉ. राजबीर सिंह, प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला, खेल अध्यापिका कवशो सहित स्कूल के अध्यापकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 28.09.2022 | -- | -- |


# कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों का खेलकूद प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान पाया है। विद्यार्थी निखिल ने तीरंदाजी में प्रथम जबकि माही और कार्तिक ने लॉन टेनिस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसके चलते इन विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। इसी प्रकार भीष्म का क्रिकेट और आस्था का जिम्नास्टिक में राज्य स्तर पर चयन हुआ है। नियंत्रण अधिकारी डॉ. राजबीर सिंह, प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला, खेल अध्यापिका बक्शो सहित स्कूल के अध्यापकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए उन्हे बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 28.09.2022 | -- | -- |

## जिला में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर निखिल, माही, कार्तिक, भीष्म व आस्था राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयनित

नभ-छोर न्यूज ▶▶ 28 सितंबर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिससे उनका तयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता में स्कूल के विद्यार्थी निखिल ने तीरंदाजी में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि माही



और कार्तिक ने लॉन टेनिस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसके चलते इन विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। इसी प्रकार विद्यार्थी भीष्म का क्रिकेट और आस्था का जिम्नास्टिक में राज्य स्तर पर चयन हुआ है। स्कूल के नियंत्रण अधिकारी डॉ. राजबीर सिंह, प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला, खेल अध्यापिका बक्शो ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 28.09.2022 | -- | -- |

# कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों का खेलकूद प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन

हिसार ( समस्त हरियाणा न्यूज )। चौधरी चरण सिंह हरियाणा



कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान पाया है। इस प्रतियोगिता में स्कूल के विद्यार्थी निखिल ने तीरंदाजी में प्रथम जबकि माही और कार्तिक ने लॉन टेनिस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसके चलते इन विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। इसी प्रकार विद्यार्थी भीष्म का क्रिकेट और आस्था का जिम्नास्टिक में राज्य स्तर पर चयन हुआ है। स्कूल के नियंत्रण अधिकारी डॉ. राजबीर सिंह, प्रधानाचार्य श्री सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला, खेल अध्यापिका बक्शो सहित स्कूल के अध्यापकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए उन्हे बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 28.9.22 | 3 | 4-6 |


# एचएयू ग्रामीण क्षेत्रों में स्टार्ट-अप को देगा बढ़ावा, आवेदन करने पर वरीयता से चयन

जागरण संवाददाता, हिसारः चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अब एबिक सेंटर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में नवाचार के कार्य कर रहे युवाओं को आगे बढ़ाने का काम करेगा। इसके लिए ऐसे युवाओं की तलाश जा रहा है जो कृषि क्षेत्र में समस्याओं का अपने विशेष विचार से समाधान निकाल रहे हैं। इन युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ प्रोजेक्ट के लिए आर्थिक मदद भी उपलब्ध कराई जाएगी।

इसके लिए एबिक की कमेटी ने कार्य करना शुरू कर दिया है। दरअसल देश में इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए देशभर में कई संस्थानों में इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से स्टार्ट-अप को बढ़ावा दिया जा रहा है। : तीन वर्ष पहले चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भी एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर (एबिक) की शुरुआत की गई थी। मकसद प्रदेशभर के युवाओं को नवाचार के लिए प्रेरित करना था।

**तीन साल में 104 स्टार्ट-अप को मिला प्रशिक्षण :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से एचएयू ने तीन साल के अंतराल में 104 स्टार्ट-अप को प्रशिक्षण देने का कार्य कर चुका है। वहीं इनक्यूबेशन की मदद से 65 कंपनियां पंजीकृत की गई हैं। पिछले तीन सालों में 44 स्टार्टअपस को केन्द्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय द्वारा 5 करोड़ 18 लाख की राशि स्वीकृत की जा चुकी है।

### यहां कर सकते हैं आवेदन

एबिक के माध्यम से 5 से 25 लाख रुपये की अनुदान राशि भी मिलती है। यह अनुदान राशि एक प्रक्रिया के तहत भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा दी जाएगी। कृषि विश्वविद्यालय व एबिक की वेबसाइट www.hau.ac.in and www.abichauhisar.com पर 17 अक्तूबर तक आनलाइन आवेदन करना है।

> युवाओं के लिए कृषि क्षेत्र में अपना व्यवसाय स्थापित करने का एक सुनहरा अवसर है। एबिक सेंटर से प्रशिक्षण व वित्तीय सहायता लेकर युवा नौकरी खोजने की बजाय नौकरी देने वाले बन सकते हैं। एबिक सेंटर के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में प्रोसेसिंग, मूल्य संवर्धन, सर्विसिंग, पैकजिंग व ब्रांडिंग करके व्यापार की अपार संभावनाएं तलाश सकते हैं।
>
> -प्रो बीआर कांबोज, कुलपति, एचएयू।